बिहार सरकार

मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-611
16/09/2026

# मुख्यमंत्री ने विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी

पटना, 16 सितम्बर 2026 :– मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर प्रदेश एवं देश के सभी श्रमिक भाई–बहनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी है।

मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि आज का दिन सृजन के प्रणेता भगवान विश्वकर्मा की आराधना का दिवस है। आज राज्य जिस प्रकार विभिन्न क्षेत्रों में तरक्की के नये आयामों को छू रहा है, उसमें हमारे श्रमिक भाई–बहनों का अतुलनीय योगदान है। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की है कि सभी श्रमिक बंधु एवं श्रम संगठन राज्य के औद्योगिक विकास एवं उत्पादकता में वृद्धि हेतु पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा है कि मेरा विश्वास है कि सभी श्रमिक भाई–बहनों के सहयोग से राज्य निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेगा।

मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों से विश्वकर्मा पूजा को आपसी भाईचारा, पारस्परिक प्रेम एवं सामाजिक सौहार्द्र के साथ मनाने की अपील की है।

******